हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव






## खबर संक्षेप

### सामाजिक संगोष्ठी 13 को

**कलकसा।** अखिल भारतीय गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा ने ग्राम में आगामी 13 अक्टूबर को सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया है।कार्यक्रम में गोंडी संस्कृति, नेंग, दस्तूर पर आधारित नियमावली का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष मदन नेताम, रमेश उईके, तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोती, नारायण मरकाम, कृष्णा नेताम, चेमसिंह मरकाम, राधेश्याम सूर्यवंशी, सुशीला नेताम आदि शामिल होंगे। परिक्षेत्र अध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम ने सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

### सण्डी में विजयादशमी 14 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत सण्ड़ी में नवरात्रि पर्व उल्लास से मनाया गया। शुक्रवार को सुबह मां दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा स्थल में हवन पूजन किया गया। दुर्गा सरस्वती समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 14 अक्टूबर को विजयी दशमी मनाया जाएगा। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए गोलू दीवाना छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।
मानसिक रोग से बचने नशा से दूर रहे

### मानसिक रोग से बचने नशा से रहें दूर

**गंडई पंडरिया।** स्थानीय सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र के डॉ प्रशांत सोनी ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मानसिक रोग के लक्षण और रोकथाम को लेकर स्टाफ एवं मरीजों को जानकारी दी।




उन्होंने बताया कि आजकल मानसिक रोग अत्यधिक बढ़ रहा है । अत्यधिक नशा, चिड़चिड़ाना, गुस्सा आदि होना मानसिक रोग के लक्षण है। जब कभी किसी के साथ ऐसा हो तो खानपान, रहन सहन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ध्यान, योग, मेडिटेशन और इलाज से मानसिक रोग से छुटकारा पाया जा सकता है।

### कैरियर गाईडेंस पर व्याख्यान

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं आइक्यूएसी तथा कैरियर गाईडेंस समिति के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस एवं रोजगार



उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपटीशन कम्युनिटी के प्रमुख तरुण रंजन, बलबीर सिंह, होमेंद्र देवांगन, विनय राजपूत शामिल हुए। स्वागत के बाद प्राचार्य डॉ ने अपने विचार रखे। तरुण रंजन ने पीएससी का सिलेबस, प्रश्नों के बारे में बताया। बलबीर सिंह ने छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं भूगोल के बारे में जानकारी दी। विनय राजपूत ने सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन की जानकारी दी। उमेंद्र देवांगन ने विज्ञान विषय की जानकारी दी। संचालन गुलशन सिन्हा, ओम प्रकाश वर्मा एवं आभार प्रदर्शन बेद प्रकाश साहू ने किया।

### पेंशनरों की बैठक 15 को

**डोंगरगढ़।** पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आगामी 15 अक्टूबर को आहुत की गई है। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष ललित किशोर नारंग ने समस्त पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

### कार्यकर्ता घूम-घूम कर बना रहे सदस्य

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। शहर भाजपा के कार्यकर्ताओं स्टाल लगाकर दर्शनार्थियों एवं नगर के लोगों को सदस्य बना रहे हैं। सांसद संतोष पाण्डेय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं अभिषेक सिंह के रेफरल लिंक से भी सदस्य बनाया जा रहा है। अभियान में सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, संतोष राव, विजेंद्र सिंह ठाकुर, मधुसूदन अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, जसमीत सिंह, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी, भागवत नामदेव, अखिलेश गढ़वाल, कन्हैया वर्मा, निर्मला साहू, शुभम परिहार, पूजा उजवने, रूपेंद्र इंदुलकर, रामकुमार डडसेना, सुशीला साहू, रिया साहू, गुरविंदर सिंह भाटिया, मयंक डोंगरे, सुनीता बघेल, रानी समुंद्र सहित अन्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### किन्नरों से अभद्र व्यवहार

**डोंगरगढ़।** किन्नरों द्वारा रेलवे स्टेशन मार्ग में किया गया नग्न प्रदर्शन शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने पहुंचे किन्नरों के दल के साथ दुकानदार द्वारा अभद्र व्यवहार एवं मारपीट किया गया जिसके बाद किन्नरों ने सड़क पर कपड़े उतार कर अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ नाराजगी जाहिर किया।

### मिथलेश बने हिन्दी परिषद के अध्यक्ष

**एलबी नगर।** कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.आरके ठाकुर के निर्देशन एवं प्रो.बीआर चन्द्रवंशी मार्गदर्शन में हिंदी साहित्य परिषद का गठन किया गया। प्रो.चन्द्रवंशी ने पदाधिकारियों की घोषणा की।




कार्यकारिणी में अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष इंकिता वैष्णव, सचिव कोमल रात्रे, सहसचिव हमीर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष हेमंतकुमार साहू, प्रचार प्रसार सचिव हेमंत कुमार कंवर एवं कार्यकारिणी सदस्य यूषिता, पंकज कुमार ठाकुर, अजय कुमार, प्रिया है। प्राचार्य डॉ ठाकुर ने पदाधिकारियों को विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो चन्द्रवंशी ने हिंदी विभाग ने होने वाली गतिविधियों में भागीदारी करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मिथिलेश कुमार ने किया। इस मौके पर प्रो.बोकड़े, डां. हेमलता गायकवाड़, कामिनी वर्मा, श्री चक्रधारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## ज्योति कलशों का विसर्जन और विजयादशमी पर्व आज

# अभिषेक के बाद देवी ने बदला स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के दौरान सप्तमी को मां बम्लेष्वरी का विशेष श्रृंगार हुआ। आचार्यों एवं पंड़ितो ने मंत्रोच्चार के साथ पुरानी परम्परा के अनुसार माता का अभिषेक किया। कहा जाता है कि इस रात्रि अभिषेक के बाद माता अपना स्वरूप बदलती है। रात्रि 11.30 से 12. 30 बजे तक अभिषेक के बाद माता की आरती की गई। प्रातः उपर मंदिर में सप्तसती पाठ समापन के बाद अष्टमी को हवन पूजन शुरू हुआ जो दोपहर 12 बजे तक चला। ज्योति विसर्जन के पूर्व अष्टमी को माता के दरबार में नारियल बंधन किया गया।

### दशहरा उत्सव 13 को

मां बम्लेश्वरी की नगरी दशहरा उत्सव 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष मनोज भंडारी ने बताया कि इस वर्ष नवमी 12 अक्टूबर को मनाई जा रही है। मां बम्लेश्वरी मंदिर के ज्योति कलशों का विसर्जन 12 अक्टूबर को संपन्न होगा इसलिए दशहरा उत्सव 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा। भगवान राम की शोभायात्रा नरसिंह मंदिर तथा रावण का जुलूस मारवाड़ी धर्मशाला से निकलेगा जो गोल बाजार सब्जी मंडी होते हुए हाईस्कूल मैदान पहुंचेगा। यहां रामलीला का मंचन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विष्णु लोधी, सौमित्र सोनी, रघुवर अग्रवाल, सिंघई किशोर जैन, विश्वनाथ यादव, जनरैल सिंह अरोरा उपस्थित रहेंगे। समिति द्वारा आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी।

### पुलिस ने बांटा खाद्य सामग्री

डोंगरगढ़ पुलिस ने एक नया प्रयास करते हुए पदयात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराते हुए बिस्कुट, जूस, फल एवं पानी बांटकर मदद की।

### सेवा देने जुटे स्काऊट- गाइड

स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर के सदस्य क्वांर नवरात्रि के दौरान में हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, नाग मंदिर, रोपवे, छिरपानी नौका विहार में सेवा दे रहे हैं। नवरात्र के दौरान कन्या शाला डोंगरगढ़, उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा, उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ियान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव, हाई स्कूल भंडारपुर, बधियाटोला, सेंदरी, बरनाराकला, रूवातला, डॉ अम्बेडकर ओपन क्रू की स्काउट गाइड प्रभारी सुनीता चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, कमलेश्वरी वर्मा, हरीश साहू, रामलाल चंद्रवंशी, राकेश रामटेके, नीलिमा ढोमने, अनिमा तिर्की ने सेवा कार्य किया।

### दो नेत्रहीन को पुलिस ने कराया दर्शन



दो नेत्रहीन विद्यार्थी प्रकाश सोनकर पिता शंकर सोनकर निवासी डोंगरगांव एवं माहेश्वरी बघेल पिता महेतर बघेल निवासी दंतेवाड़ा माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने आए थे। मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल ने दोनों को रोपवे से से उपर मंदिर ले जाकर दर्शन कराया। पुलिस द्वारा दोनों को अपने वाहन से नीचे बम्लेश्वरी मंदिर ले गई। दोनों ने दर्शन कर देवी का आर्शीवाद प्राप्त किया। दोनों को रेलवे स्टेशन तक छोड़ने के साथ ट्रेन से रवाना किया गया।

### ज्योति कलश विसर्जित, विजय दशमी आज

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में शारदेय नवरात्रि पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। हवन पूजन के बाद ज्योति कलशों के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सभी देवी स्थलों में महाष्टमी मनाया गया। नर्मदा मंदिर, सिद्ध बाबा, चोरडाधाम, बंजारी मंदिर सहित प्रतिमा स्थल में हवन पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

इस दौरान नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। नर्मदा मंदिर में शुक्रवार को हवन के बाद ज्योति कलशों का विसर्जन शोभा यात्रा निकाल कर किया गया। शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं गीत की धूम रही। कल शनिवार की सुबह से प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। वही कल विजय दशमी को रावण पुतले का दहन किया जाएगा।

### विधायक ने किया पूजा-अर्चना



**बेलगांव।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल कोलेढ़ा में माँ दुर्गा के दर्शन एवं अष्टमी हवन में शामिल होने पहुंची। उन्होंने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना किया। तत्पश्चात जनपद सदस्य त्रिवेणी राजू वर्मा से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर जगदीश वर्मा, शेखर वर्मा, मिथुन वर्मा, सत्यनारायण वर्मा, भुवन वर्मा, रामू वर्मा, त्रिलोक चंद्रवंशी, संतोष वर्मा, गजानन वर्मा, रमेश नारंग, सेतकुमार वर्मा, संजय वर्मा, चिंता वर्मा, देवराज वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, तामेश्वर वर्मा, धनेश्वर वर्मा, उमेश यादव, गणेश वर्मा, सोमेश्वर वर्मा, संजय यादव, सोहन वर्मा, रविंद्र वर्मा, हीराराम वर्मा, सुनील वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।





दुर्गा उत्सव समिति चिचोला



सरस्वती उत्सव समिति चिचोला



सरस्वती उत्सव समिति मुंदगांव

# गरबा में थिरकी महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्वांर नवरात्र की पंचमी से कृषि उपज मंडी परिसर में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में नगर के मातृ शक्तियां टोलियां बना कर गरबा करते नजर आती है।

थोक सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजू जंघेल एवं उपाध्यक्ष विवेक तिवारी ने बताया कि गरबा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार रखा गया है । आयोजन के क्रम में नगर की श्याम वाटिका में जगराता, तिरंगा चौक में जगराता, कोपेभाठा, हटरी और चांदनी चौक सहित अन्य पंडालों में जस का आयोजन किया गया। पुराने बस स्टैंड में गुफा बनाया गया है जो आकर्षण का केंद्र है।

### दो दिवसीय गरबा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** रेल्वे फुटबाल ग्राउंड में रेल्वे इंस्टीट्यूट एवं न्यू फ्रेण्ड्स क्लब डोंगरगढ़ के तत्वावधान में दो दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया। गरबा में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मोटी सिंह, डी एकेश राव, एस वेंकट स्वामी, अजय निगम, एन नागेंद्र, एस सत्यम स्वामी, मनीष ग्वाला, जुनैद, अभय करसे, तरण बोपचे, अमिश मरकाम, सौरभ मेहर, योगेंद्र साहू, दुर्गेश साहू, रितेश हुमने आदि शामिल हुए।

## रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

नागरकोहरा में ग्रामवासियों के सहयोग से रामलीला का आयोजन किया गया है।

यह कार्यक्रम नवरात्र की तीज से आयोजित किया जाता है। रामलीला में अभिनय करने वाले हफ्ते पहले से तैयारी करते है। आसपास के लोग बड़ी संख्या में रामलीला देखने आते है। सरपंच भारत साहू ने बताया कि आयोजन का समापन दशहरा को होता है। ग्राम के शिव कुमार बागडे ने बताया कि यहां विगत 35 साल से लगातार रामलीला का मंचन हो रहा है।



# मासिक वेतन से वंचित ठेका श्रमिक

**गंडई।** नगर पंचायत गंडई के श्रमिकों को सितम्बर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नवीन नामदेव ने बताया कि वेतन नहीं मिलने के कारण ठेका श्रमिक सोमवार से पुनः हड़ताल में जाने का मन बना रहे है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के श्रमिक सफाई, विद्युत व्यवस्था, राजस्व वसूली, कम्प्यूटर कार्य, पेयजल, पंप संचालन आदि कार्य कर रहे हैं।नवरात्र और दशहरा जैसे पर्व के दौरान श्रमिकों को वेतन नहीं मिला है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।



### प्रभावित होगी व्यवस्था

लगातार काम करने के बाद श्रमिकों को वेतन का भुगतान नही किया जाना समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले ठेका श्रमिक दो दिन के लिए हड़ताल पर चले गए थे तब मुश्किल से नगर की व्यवस्था को संभाला जा सका था। अब श्रमिक हड़ताल पर जाते है तो कई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।




## डांस प्रतियोगिता आज

**चारभांठा।** नवरात्रि एवं दशहरा के अवसर पर ग्राम चारभाठा में कल 12 अक्टूबर को बाल समाज दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। सामूहिक डांस में क्रमशः 10 हजार, 7 हजार, 4 हजार, एक हजार, एकल एवं युगल डांस में चार हजार, 25 सौ, 17 सौ और एक हजार दिया जाएगा। इसी दिनांक को तेलीबांधा, मरकाकसा, गोपालपुर एवं बखरूटोला में भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024



# शहर में होगी दशहरा की धूम, आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य आयोजन

## पर्व को लेकर लोगों में उत्साह, शहर सहित ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ मनेगा दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

असत्य पर सत्य के विजय का पर्व दशहरा मनाने की तैयारी है। शहर के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर भव्य आयोजन के साथ ही रावण का पुतला दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है।

विजयादशमी पर्व को लेकर अंचल के लोगों में हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में रावण का पुतला दहन किए जाने की तैयारी है। जिसकी तैयारियां लगभग 15 दिनों पूर्व से ही जा रही है।

### रामलीला का होगा मंचन

उक्त आयोजनों में रामलीला का मंचन पश्चात रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही आतिशबाजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छंटा बिखरेंगी। इधर शहर के विभिन्न वार्डों में भी दशहरा उत्सव पर रावण का पुतला दहन किए जाने की तैयारियां की जा रही है। दशहरा पर्व को देखते पुलिस सक्रिय है एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखे हुए हैं।







### सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाएंगे दर्शक

ज्ञात हो कि शहर के दशहरा महोत्सव में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी लोगों की बेहतर उपस्थिति बनती है। देर शाम तक लोग रावण पुतला दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। इस वर्ष अधिकांश आयोजन समितियों द्वारा आतिशबाजी पर विशेष ध्यान दिया गया है। शनिवार को शाम होते ही यहां शहरी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति बननी शुरू हो जाएगी।

### आकर्षक आतिशबाजी का होगा नजारा

इधर शहर के स्टेट स्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति, कमला कॉलेज मैदान में राजा दिग्विजय दास समिति, म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छग जनमहोत्सव समिति, गौरीनगर में कौमी एकता समिति, लखोली एवं समीपस्थ सोमनी में आयोजन समिति द्वारा विशाल रावण का पुतला निर्माण कराया गया है। रावण के पुतले को आज कार्यक्रम स्थल पर लगा भी दिया गया है। इस मौके पर आकर्षक आतिशबाजी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

---

### महाअष्टमी पर मंदिर व पूजा पंडालों में हुए हवन, भंडारा, महाप्रसादी का वितरण

# मंत्रोच्चारण के साथ अष्टमी हवन कन्या पूजन के साथ ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्र पर्व के तहत शुक्रवार को महाअष्टमी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर विधि-विधान से हवन पूजन कर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन ग्रहण कराया। इसके साथ ही अब जोत जंवारा का विसर्जन शुरू हो जाएगा।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्र पर श्रद्धा भक्ति का माहौल है। अंचल के देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बन रही है। वहीं पूजा पंडालों में भी देवी मां की मूर्तियों का दर्शन करने लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं। माता के जयकारों की गूंज बनी हुई है।

### सुबह से रात तक हवन-पूजन

पर्व के तहत शुक्रवार को महाअष्टमी मनाया गया। इस मौके पर मां का विशेष श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। अंचल के मंदिरों के अलावा पूजा पंडालों में भी सुबह से लेकर देर रात तक हवन का कार्यक्रम पंडितों द्वारा कराया गया।



### महाप्रसादी भंडारा में शामिल हुए भक्त

हवन के पश्चात भक्तों ने घर व मंदिर एवं पूजा पंडालों में कन्याओं का पूजन कर उन्हें महाप्रसादी भोजन ग्रहण कराया। दिनभर भक्तों की व्यस्तता बनी रही। इस मौके पर मंदिर परिसर सहित पूजा पंडालों में भी समाजसेवियों एवं पूजा समितियों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। देर रात तक भक्तों की उपस्थिति मंदिर सहित पूजा-पंडालों में बनी रही।

### शुरू होगा जंवारा विसर्जन का सिलसिला

ज्ञात हो कि क्वांर नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों एवं कुछ पूजा पंडालों में भी ज्योत जंवारा स्थापित किए गए हैं। हवन के पश्चात अब ज्योत जंवारा का विसर्जन जस गीतों के माध्यम से शोभायात्रा निकालकर की जाएगी। इस अवसर पर तालाबों में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहने की संभावना है। शहर के शीतला मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में पहुंचकर बड़ी संख्या में लोग बूढ़ासागर में जंवारा विसर्जन करते हैं। यहां दिनभर भक्तों का मेला बना रहेगा।

### बाजे-गाजे व जसगीत के साथ होगा मूर्तियों का विसर्जन

पर्व पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा देवी मां की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। जिनके विसर्जन का भी सिलसिला शुरू हो जाएगा। बाजे-गाजे एवं जसगीतों के माध्यम से देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शिवनाथ नदी मोहारा में किया जाएगा। यहां नगर निगम ने नदी किनारे विसर्जन कुंड भी बनाया है। ग्रामीण इलाकों में गांव के तालाब में ही देवी मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। नवरात्र पर्व के दौरान अंचल में भक्तिमय माहौल निर्मित है।

---

# तीन गांव में डायरिया का प्रकोप दो लोगों की मौत, दर्जनभर बीमार

### ग्राम संबलपुर, कोकपुर, आसरा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में एक बार फिर से डायरिया का प्रकोप देखा जा रहा है। डायरिया से तीन गांव के तीन दर्जन से अधिक लोग पीड़ित हुए हैं। वहीं सप्ताहभर बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अब जाकर गांव में कैंप लगाया गया है।

जिले के ग्राम संबलपुर, कोकपुर और आसरा में बीते लगभग 12-15 दिनों से डायरिया फैला हुआ है। यहां एक के बाद एक लोग बीमार होते चले गए और निजी अस्पतालों में पहुंचकर अपना इलाज करने लगे। इस दौरान गांव के दो बुजुर्गों की डायरिया से मौत भी हो गई, तब जाकर मामला स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचा और गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। ग्राम संबलपुर के कुलेश्वर साहू, भारतलाल साहू और हेमा साहू ने बताया कि गांव में लगभग 10-12 दिनों से डायरिया फैला हुआ है। जिसके चलते 85 वर्षीय और 61 वर्षीय दो बुजुर्गों की मौत हो गई है। वहीं लगभग 10-12 लोग अभी भी डायरिया से पीड़ित हैं।

### कैम्प लगाकर दवाईयों का वितरण

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर दवाइयों का वितरण किया जा रहा है और सभी को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है। वहीं गांव में डायरिया फैलने के बाद यहां पीएचई विभाग द्वारा पानी का सैंपल लिया गया है और गांव के एक हैंडपंप और एक पानी टंकी को जांच रिपोर्ट आने तक उपयोग के लिए बंद किया गया है।




### जल स्त्रोतों के समीप गंदगी

ग्राम संबलपुर में इर्द-गिर्द गंदगी का आलम है और पेयजल स्रोतों के पास पानी जाम है। जिसको लेकर भी पंचायत के खिलाफ लोगों में नाराजगी है।

### स्थिति नियंत्रण में है

डायरिया की चपेट में आकर दर्जनों लोगों के बीमार होने के मामले को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि तीन गांव में डायरिया फैलने की शिकायत मिली थी। अभी स्थिति नियंत्रण में है। गांव में किसी ने भोज दिया था। जिसके बाद समस्या शुरू हुई थी, उस पर भी जांच की जा रही है।

### दूषित जल से फैला डायरिया

तीन गांव में डायरिया फैलने के मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां त्वरित उपचार के इंतजाम नहीं किए जाने के चलते दर्जनों लोग बीमार हो गए। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरत्न ने कहा कि 5 अक्टूबर को डायरिया फैलने की जानकारी मिली थी। गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाकर दवाईयां दी जा रही है। संभवतः दूषित जल से डायरिया फैला है। किसी प्रकार के दावत भोज की जानकारी नहीं मिली है।

---

# डोंगरगढ़ मेला में चाकू दिखाकर मारपीट, आरोपी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ झूला झूलने के दौरान आरोपी ने प्रार्थी को धमकाया

डोंगरगढ़ मेला में प्रार्थी से वाद-विवाद कर चाकू दिखाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 अक्टूबर की रात्रि में प्रार्थी रविन्द्र वैष्णव पिता हेमंत वैष्णव 19 साल साकिन ग्राम मुढ़ीपार थाना गातापार मां बम्लेश्वरी परिसर मेला में घूमने गया था। रात्रि लगभग 10 बजे प्रार्थी नाव वाला झूला में झूला झूलने के लिए चढ़ा और सीट में बैठ रहा था, तभी आरोपी मो. अरशद खान पिता मो. रफीक खान निवासी डोंगरगढ़ आया और प्रार्थी को सामने वाला सीट में जाने के लिए धमकाने लगा। उसी समय झूला चालू हो गया तो प्रार्थी आगे सीट में नहीं जा पाया तो आरोपी अरशद खान प्रार्थी को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा व हाथ में चाकू लेकर धमकाने लगा एवं हाथ में पहने चूड़ा को निकालकर प्रार्थी के सिर में चार-पांच बार मारकर चोंट पहुंचा दिया। जिससे प्रार्थी के सिर में गहरी चोंट आया व प्रार्थी लहुलुहान हो गया।



### चूड़ा व चाकू जब्त

रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा-296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को पकड़कर घटना में प्रयुक्त चूड़ा एवं चाकू को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## घर में घुसकर छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 अक्टूबर को वह अपने रिश्तेदार के यहां गई हुई थी। घर में कोई नहीं था। इस दौरान आरोपी कन्हैया 26 साल ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया। आरोपी को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस की टीम तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना के बाद से फरार आरोपी कन्हैया को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। उक्त कार्रवाई में बसंतपुर पुलिस की सराहनीय योगदान रहा।

---

# दीपावली पूर्व विद्युत लाइनों की मरम्मत के लिए 14 से अभियान

### जिलेभर के सभी फीडरों में किए जा रहे सुधार कार्य

**राजनांदगांव।** दीपावली त्यौहार के पहले विद्युत लाइनों और उपकरण के सुधार के लिए बिजली महकमे द्वारा आगामी 14 अक्टूबर से विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। आगामी 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शहर सहित जिलेभर के सभी फीडरों में सुधार काम किया जाएगा। मरम्मत के लिए अलग-अलग इलाकों में छह घंटे बिजली बंद रहेगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिवीजन कंपनी लिमिटेड द्वारा हर साल दीपावली त्यौहार के पहले विद्युत लाइनों एवं उपकरणों की मरम्मत की जाती है। अक्टूबर माह के शुरूआती दिनों में बेहद गर्मी पड़ने के कारण बिजली महकमे ने मरम्मत अभियान को आगे बढ़ा दिया था। सूत्रों ने बताया कि यह अभियान अब आगामी 14 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है। पहले दिन 11 केव्ही इंडस्ट्रीयल फीडर से सुधार का काम शुरू होगा। इस अभियान को लेकर कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी ने पिछले दिनों महकमे के अधिकारियों और कर्मियों की बैठक भी ली थी।



### गोस्वामी ने संभाला कार्यभार

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता संभाग के पद पर आरके गोस्वामी ने हाल ही में अपना कार्यभार संभाला है। श्री गोस्वामी पहले भी राजनांदगांव डिवीजन में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। श्री गोस्वामी ने हरिभूमि से बातचीत करते कहा कि दीपावली पूर्व सुधार काम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से इस अभियान में सहयोग की अपील भी की।

### छह घंटे बंद रहेगी बिजली

दीपावली पूर्व विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार काम के लिए सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी, जिस फीडर पर काम होगा, वहीं बिजली बंद रहेगी। शेष शहर की आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

---

### अनुयायियों ने शहर में निकाली रैली

# नशा मुक्ति, शाकाहार के लिए पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समाज में नशा मुक्ति, शाकाहार और गौरक्षा का संदेश देने के लिए बाबा उमाकांत महाराज उज्जैन आश्रम के अनुयायियों द्वारा शहर में पदयात्रा करते रैली निकाली गई।

गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने, नशा मुक्त समाज का निर्माण करने और लोगों को शाकाहारी बनाने के उद्देश्य से कवर्धा जिले से रैली आज राजनांदगांव पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल महिला, पुरूष और बच्चों ने शाकाहार और नशा मुक्ति को लेकर निकली। रैली के संबंध में छबिलदास साहू ने बताया कि बाबा उमाकांत महाराज उज्जैन आश्रम के निर्देश पर यह रैली निकाली गई है। यह रैली सभी जिलों में पदयात्रा करते नशा मुक्ति और शाकाहारी पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय खराब आ रह है। जिसके लिए अभी से बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए।



### शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी

विश्व बने धर्मात्मा और पापों का हो खत्म के उद्देश्य से आयोजित की गई यह रैली कवर्धा जिले से होकर राजनांदगांव शहर पहुंची और गठुला क्षेत्र से रैली पैदल भ्रमण करती हुई शहर के विभिन्न मार्गों से होकर आम्बेडकर चौक में संपन्न हुई। इसके बाद रैली बालोद जिले के लिए कूच की।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
NABH मान्यता प्राप्त
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
• सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
• टेढ़े-मेढे. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
• ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
• लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
• दांत निकालना
• मुंह कम खुलने का उपचार
• इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
• मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रात : 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

## सार समाचार

### गौरीनगर में आतिशबाजी के साथ मनेगा दशहरा पर्व

**राजनांदगांव।** गौरीनगर स्कूल मैदान में कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा दशहरा पर्व धार्मिक परंपरा अनुसार मनाएगा। परंपरानुसार असत्य पर सत्य की जीत बताते दशहरे का पर्व भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया जाएगा। आतिशबाजी में अहमद रज़ा ताहिर की प्रस्तुति नागरिकों देखने मिलेगी। समिति के अध्यक्ष हफीज खान ने बताया कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ठ खिलाड़ियों व सामाजिक समरसता बनाए रखने अपने योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों ने अच्छी मेहनत कर कार्यक्रम का आयोजन किया है। समिति के अध्यक्ष खान ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उक्त जानकारी समिति के प्रचार-प्रसार प्रभारी हेमंत प्रताप सिंह ने दी। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### आज से रंगोली प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** ओसवाल लाइन राजनांदगांव में संचालित दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में कल शनिवार से 7 दिवसीय रंगोली प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। संस्था के संचालक दीपचंद साहू ने बताया कि दीपावली पर्व पर शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी 7 दिवसीय रंगोली प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार की रंगोली सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 3.30 से 5 बजे तक सिखाई जाएगी। इसमें मल्टी कलर शैडिंग, ब्लेक एण्ड व्हाइट, फ्लावर रंगोली, संस्कार भारती, ग्रीटिंग रंगोली, पोस्टर, पोट्रेट रंगोली की बारीकियां सिखाई जाएगी।

### संस्कार सिटी कॉलेज में नवरात्रि उत्सव



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में नवरात्रि के उपलक्ष्य में देवी मां के भजन और गरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा पूजन और आरती से की गई। इसके बाद उपस्थितजनों ने मां की स्तुति में भजन गाए। गरबा का आयोजन भी उत्साहजनक रहा। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने गरबा नृत्य में उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज के अध्यापक और छात्र दोनों ही गरबा के रंग में रंगे हुए नजर आए। गुजराती थीम में छात्रों का गरबा देखते ही बनता था और पूरे कार्यक्रम ने नवरात्रि के इस खास पर्व को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के अंत में मातारानी का हलवा-पुड़ी से बना प्रसाद वितरित किया गया।

### सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा निर्धारित सभी मंडलों की बैठकों का दौर संपन्न हुआ। इसी कड़ी में भाजपा दक्षिण मंडल की बैठक कार्यालय में रखी की गई थी। मंडल की बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्यता संयोजक सावन वर्मा, मार्गदर्शन के लिए प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी एवं मंडल के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद विजय राय द्वारा एवं अन्य बूथ संयोजकों द्वारा सदस्यता बुक जमा करवाई गई। विशेष रूप से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया तथा निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक घरों मे व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सदस्य बनाए और पार्टी की विचारधारा से जोड़े। जिसमें विश्व के सबसे बड़े व पुराने लोकतंत्र की पावन भूमि पर सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य होने का गौरव प्राप्त होता है।




### हरियाणा में भाजपा के विचारधारा की जीत : रवि

**राजनांदगांव।** भाजपा के मंडल एवं सदस्यता प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा जनता के विश्वास और भरोसे पर खरी उतरकर लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।इससे छतीसगढ़ में भी हर्ष का माहौल है। यह जीत भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की जीत है, जिन्होंने भाजपा के मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। जिसमें सर्वे भवंतु सुखीनाः की भावना दिखती है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सरकार जनता द्वारा सौंपे इस दायित्व का निर्वहन करने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि इस जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस जीत से न केवल भारत की छवि विश्व में उभरेगी, बल्कि हम विकसित भारत के अभियान के लक्ष्य को भी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सदस्यता अभियान में लोग स्वयं आगे आकर सदस्य बनने के इच्छुक हो रहे हैं, यह मोदी की गारंटी और छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यों का प्रतिफल है।



### महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी में गरबे की धूम



**राजनांदगांव।** शारदीय नवरात्रि में गुजरात के पारंपरिक गरबे का आयोजन महावीर सोसाइटी में 7 से 9 अक्टूबर तक अध्यक्ष अशोक पारख द्वारा बनाई गई कमेटी के सदस्य प्रकाश बाफना, अनिल तातेड तथा संदीप गिडिया व अंकेश के नेतृत्व में किया गया। प्रकाश बाफना ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजन में सोसाइटी की महिलाएं, बच्चों तथा पुरूषों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा माता अम्बे की आराधना की। 8 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सोसाइटी की बुजुर्ग माताओं का समस्त कालोनी द्वारा श्रीफल, शाल तथा पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। तीन दिनों के आयोजन में बेस्ट गरबा फीमेल, मेल, कीड्स, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस अप आदि अनेक पुरस्कार एवं बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम के निर्णायक वर्षा अग्रवाल एवं पूजा ओस्तवाल थी। राजेंद्र लड्डा कार्यक्रम संरक्षक, पन्नालाल चोपड़ा, रत्नेश जैन, प्रियंक जैन, सुभाष अग्रवाल, संजय लालवानी, दीपक खोखारिया, दीपा बागड़ी, खुशबू नाहटा, रमेश सोनी आदि लोगों का सहयोग रहा। इस आयोजन का भोजन प्रसादी के साथ 9 तारीख को समापन हुआ। कार्यक्रम में सभी रहवासियो की उपस्थिति रही।

### जपं सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे

# जिपं सीईओ ने की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जैम पोर्टल में पंजीयन करने कहा। पंजीयन में तकनीकी समस्या होने पर उच्च कार्यालय से संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्राईसिकल एवं अन्य सामग्री की खरीदी नियमानुसार जैम पोर्टल से करने कहा।




#### पौधरोपण कार्य एवं प्रगति की ली जानकारी

सीईओ ने दशहरा महोत्सव के दूसरे दिन ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाने, ग्रामों में महिला समूह, स्वच्छता दीदी, ग्रामवासी, ग्राम प्रमुख के साथ मिलकर सफाई हेतु निरीक्षण करने एवं गंदगी पाए जाने की स्थिति में पंचायत सचिवों एवं संबंधितों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करने निर्देशित किया। बैठक में पौधरोपण कार्य एवं प्रगति, अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे कार्य, जल शक्ति अभियान, कृषि एवं उद्यानिकी, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

## सुरगी में किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर साहू, सरपंच आनंद साहू, चंद्रकृत साहू ने परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती मां के प्रति सम्मान व्यक्त करते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं धरती के भविष्य को सुरक्षित रखना है। अतिथियों द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत फलदार व फूलदार उद्यानिकी पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. गुंजन झा, अंजली घृतलहरे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम, मंजूलता मेरावी, किसान संगवारी, कृषक, एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## मजदूरों ने अधिवेशन में रखी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ के संबद्ध छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ का एक दिवसीय अधिवेशन गत दिनों भामसं कार्यालय रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेशभर के लगभग 23 जिलों से आए निर्माण मजदूरों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने जिले का वृत्त रखा व क्षेत्र की समस्या से सभा को अवगत कराया।

भामसं के जिला मंत्री नरेश साहू ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन करते भामसं के प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडेय ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ में निर्माण मजदूरों के सबसे बड़े संगठन हैं। इस नाते इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को लेकर संघर्ष करना हमारी अहम जवाबदेही है। उन्होंने क्षेत्रवार मजदूर प्रतिनिधियों से चर्चा की। संगठन विस्तार के



मंत्र दिए व आंदोलन प्रारंभ करने के निर्देश भी जारी किए।दोपहर भोजन पश्चात अंतिम सत्र में आगामी तीन वर्षों के लिए नई कार्यसमिति का चुनाव किया गया है। जिसमें कोरबा की पूजा सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, बलरामपुर के प्रत्युश केसरी को महामंत्री का दायित्व दिया गया। इसी प्रकार जिले से भी निर्माण मजदूरों को व्यापक प्रतिनिधित्व दिया गया। जिसमें नरेश कुमार साहू को प्रदेश कोषाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार अल्का बारसागढ़े को उपाध्यक्ष व सुदर्शन मानिकपुरी को संगठन मंत्री एवं भारती शर्मा को प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया गया। निर्वाचन के पश्चात पदाधिकारियों का स्वागत कर बधाइयां दी गई।

## महिला समूहों ने बनाई फूलों की अगरबत्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पंडालों में चढ़े फूलों से अगरबत्ती तैयार की गई है, जिसे बाजार में लाया जा रहा है। देवी-देवताओं में चढ़े आस्था के फूल अगरबत्ती के नाम से बिक्री की जा रही है। जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा। इसी को देखते 500 गणेश पंडालों से एकत्रित फूल को सूखाकर अगरबत्ती बनाई गई है। इन दिनों दुर्गा, काली, सरस्वती पंडालों में चढ़े फूलों को एकत्रित हरियाली बहिनी द्वारा की जा रही है। हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिवकुमार देवांगन ने बताया कि हरियाली बहिनी अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास के तहत अविभाजित राजनांदगांव जिले में दुर्गा, काली, सरस्वती पंडालों से फूल एकत्रित कर अगरबत्ती रंग, गुलाल एवं अन्य उत्पाद के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही दुर्गा, काली, सरस्वती समिति से निवेदन कर रहे हैं कि वे फूलों को नदियों, तालाबों में न बहाये इसे सूखाकर बर्फानी आश्रम, चवेली कार्यालय राजनांदगांव एवं बम्लेश्वरी महिला प्रोड्यूसर कंपनी फाफामार तथा हरियाली बहिनी के पास दिया जाए, ताकि फूलों का सदुपयोग किया जा सके।



## गोस्वामी राजनांदगांव रत्न से सम्मानित

**राजनांदगांव।** मां बम्लेश्वरी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम मंदिर भवन हॉल में भागवताचार्य पं. विनोद गोस्वामी को आध्यात्म धर्म सेवा प्रसार के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट अतुलनीय कार्यों के लिए राजनांदगांव रत्न का सम्मान दिया गया। जिसमें 21 सेवा सा मा जि क संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित थे।



आ यो ज न समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, निकुंज सिंघल, योगेश साहू, अध्यक्षद्वय संदेश जैन व मधु खंडेलवाल एवं सचिव सूरज गुप्ता ने बताया कि गोधूली बेला में बागेश्वर महादेव, मां बम्लेश्वरी दुर्गा माता की महाआरती की गई। तत्पश्चात पं. विनोद गोस्वामी द्वारा माता की महिमा पर प्रवचन दिया गया। सम्मान समारोह में नगर की 21 संस्थाओं, समाजसेवियों, सेवकों की उपस्थिति में पं. श्री विनोद गोस्वामी को राजनांदगांव रत्न का सम्मान प्रतीक चिन्ह व शॉल, श्रीफल

## न्यू सिविल लाइन में नवरात्रि पर्व की रजत जयंती धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



न्यू सिविल लाइन राजनांदगांव में नवरात्रि पर्व की उत्साह के साथ मनाई जा रही है। न्यू सिविल लाइन दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। समिति के कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू सिविल लाइन में इस नवरात्रि पर्व का रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में इस समिति ने सार्वजनिक रूप से गरबा और महाआरती की भी शुरूआत की। समिति में कोई अध्यक्ष या उपाध्यक्ष नहीं है, यहां सभी सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो इस समिति की विशेषता है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में नए आए सदस्य जुड़ते रहते हैं। समिति के एक अन्य कार्यकर्ता जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि यहां पारिवाकि रूप नवरात्रि पर्व मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर्व की तैयारी 6 माह पूर्व शुरू हो जाती है। यहां सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी रहते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से आय-व्यय को ऑनलाइन कर दिया गया है। इसकी जानकारी आमंत्रण कार्ड में भी दर्शाया जाता है।

## गरीब जनता को मिलेगा 2028 तक मुफ्त राशन : सांसद पांडे

**राजनांदगांव।** केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त अनाज वितरण की योजना को चार साल और बढ़ा दिया है। यानी गरीबों को 2028 तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। इसको लेकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।



सांसद संतोष पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को मुफ्त अनाज वितरण को 4 साल तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। जिसके चलते अब केंद्र सरकार देश की गरीब जनता को 2028 तक मुफ्त अनाज देगी।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति को दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिड डे मील, आईसीडीएस, आकांक्षी की सभी योजनाओं के तहत चावल की आपूर्ति को जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

### एसपी को सौंपा ज्ञापन

## चिटफंड कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने की शिकायत



**राजनांदगांव।** एव्हीएम रियल एस्टेट एलाईड लिमिटेड चिटफंड कंपनी के विरुद्ध जमाकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। अपने ज्ञापन के माध्यम से हितग्राहियों एवं शिकायतकर्ता नेतराम माधव दास, दिनाराम पाल, राजेंद्र खेलवार ने कहा है कि चिटफंड कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई कर हितग्राहियों की जमा रकम लगभग 500 करोड़ शासन द्वारा जब्ती कर वापस दिलाया जाए।

हितग्राहियों ने डॉ. रमन सिंह एवं कलेक्टर को दिए लिखित शिकायत में बताया कि एव्हीएम के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल साहू निवासी टेड़ेसरा द्वारा लगभग 20 करोड़ की प्रॉपर्टी को शिकायत उपरांत हितग्राहियों को देने शासन द्वारा जब्ती न बना लें, इस उद्देश्य से लगभग 20 करोड़ की सम्पत्ति अपने रिश्तेदारों के नाम से हस्तांतरित कर दिया है।

#### पैसे डबल करने का दिया लालच

हितग्राहियों ने कहा कि जब उन्होंने छानबीन कर राजनांदगांव रजिस्ट्रॉर ऑफिस से रजिस्ट्री नकल निकलवाया, तब जाकर इस बात का खुलासा हुआ कि लगभग 20 करोड़ की संपत्ति जो चिटफंड कंपनी से अर्जित की गई थी, उसे अपने हस्तांतरित कर चुका है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि किसान एवं ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई को छल कर दुगुना-तिगुना करने का लालच देकर हड़प लिया गया है।

## समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा, जल्द निराकरण का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टारेट में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने समय-सीमा की बैठक मे विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते स्कूलों में जाति प्रमाण पत्रों की वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों से 15 साल पुराने वाहनों की जानकारी मांगी और आवश्यक कार्रवाई के संबंध में चर्चा की। अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य लंबित मामलों की जानकारी लेते आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर जल्द निराकरण करने कहा। कार्यालय में अनाधिकृत तरीके से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर उन्हें समय-सीमा के भीतर निराकृत करने कहा। इस दौरान डीएफओ आलोक तिवारी, अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर एवं सुमन राज, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं को जानने-समझने के बाद समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हिग्राहियों का चयन कर लाभान्वित करना है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने कहा। जनदर्शन में बांसभीरा से अघ्घन सिंह द्वारा वन भूमि पर पट्टा प्रदाय देने, ग्राम कोटरा के हृदय वर्मा ने खसरा नंबर 711 का बंधक हटाने, बैगा साल्हेवारा के ग्रामीणों ने आवास नहीं मिलने और ग्राम पंचायत कोपरो के अंतर्गत कुएं घास को पर्यटन स्थल बनाने सहित अन्य के संबंध में आवेदन मिला। कलेक्टर वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आवेदनों का समय पर और प्रभावी तरीके से समाधान करें, ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके।

## हॉकी खिलाड़ियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण, ट्रायल 15 को

**राजनांदगांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले में संचालित खेलो इंडिया लघु केन्द्र में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु खिलाड़ियों के लिए स्थान रिक्त है। जिसकी भर्ती हेतु राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों के लिए 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम गौरवपथ में एक दिवसीय हॉकी का ट्रायल लिया जाएगा। हॉकी के ट्रायल में शामिल होने के लिए वर्ष 2009 से 2015 के मध्य जन्म लेने वाले इच्छुक एवं पात्र बालक-बालिका खिलाड़ी जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।





## खबर संक्षेप

### दस साल के कामों पर मुहर-विक्रांत सिंह



**खैरागढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा के डबल इंजन सरकार की हरियाणा में दस सालो मे संपादित जनहितैषी कामो की जीत है जिसे लेकर वहॉ की जनता ने जनहित के कार्यों व कामकाज पर विश्वास व्यक्त करते हुए विजय की मुहर लगाकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर दिया है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि एक्जिट पोल को लेकर अति उत्साही कांग्रेसियों को हरियाणा के एक्जिट पोल ने आईना दिखा दिया है।

इन नतीजों के जरिए हरियाणा ने कांग्रेस के संविधान और आरक्षण को लेकर दुहरे राजनीतिक चरित्र पर सीधी चोट की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के नित-नए आयाम गढ़ रहा है, विश्व-पटल पर अपनी प्रखर भूमिका का निर्वहन करते हुए 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हरियाणा का चुनाव नतीजा प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। उन्होने कहा कि कांग्रेस जाति और धर्म के आधार पर जिस विभाजनकारी टूलकिटिया एजेंडे पर काम कर रही है। हरियाणा ने उसे पूरी तरह खारिज कर दिया है।

### डॉ. तहजीब बने जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज भाई के नेतृत्व में रविवार को राजनांदगांव जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। जिसमें डॉ. तहजीब अख्तर को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश के पदाधिकारियों और संभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में नियुक्त पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज, दुर्ग संभाग संरक्षक अकरम कुरैशी, संभाग प्रभारी अय्युब खान, संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, बालोद जिला संरक्षक अरमान अंसारी और दरगाह कमेटी लुतरा शरीफ के सदर इरशाद अली, सेक्रेटरी रियाज़ अशरफी, लंगर इंचार्ज मोहम्मद कुद्दुस वहां उपस्थित रहे। वहां से फिर बालोद पहुंचे फाउंडेशन के पदाधिकारियों का इस्तकबाल किया गया। जिसमें बालोद जिला संरक्षक हाजी सलीम तिगाला के घर में बैठक हुई। जिसमें बालोद जिला अध्यक्ष अज़हर कुरैशी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, मेंबर समीर मनिहार वहां उपस्थित रहे। दरगाह कमेटी लुतरा शरीफ के सदर इरशाद अली, सेक्रेटरी रियाज़ अशरफी ने दावत नामा दिया शहंशाहे छत्तीसगढ़ हुजुर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स मुबारक में शामिल होने के लिए कहा।

### सावित्री द्विवेदी का निधन



**डोंगरगढ़।** श्रीमती सावित्री द्विवेदी धर्मपत्नी राजकुमार द्विवेदी उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनादगांव का स्वर्गवास 11 अक्टूबर को लगभग 2 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल 12 अक्टूबर को चौथना मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री ने कहा: आवास देने के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं पर काम कर रही सरकार

# मंत्री के हाथों साढ़े नौ हजार पीएम आवास का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंघौरी में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला व उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। छत्तीसगढ़ी परंपरा से स्वागत बाद प्रभारी मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने जिले में नवीन स्वीकृत 9 हजार 520 आवासों का भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किया साथ ही दुधमुहे बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में पीएम आवास योजना अप्रैल 2016 से की गई तब से लेकर आज तक लगातार गरीबों को पक्का आवास का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में आवास के अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने अपने मद से साढ़ादेव से अवंति स्कूल और मुख्य सडक़ से पुरूषोत्तम के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख रूपए देने की घोषणा की।

### 20 हितग्राहियों को मिली पक्के मकान की चाबी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार प्रदेश में गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराने का काम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आयोजित कार्यक्रम में आवास निर्माण पूरा कर चुके 20 हितग्राहियों को नए मकान की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया गया। इसके अलावा आवास निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राही, सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक सहित रोजगार सहायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं कृषि, मत्स्य, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, किट सहित अन्य सामान वितरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने सितंबर 24 में स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन किया। जानकारी अनुसार स्वीकृत आवास में से 18 हजार 240 पूर्ण हो गया है। सितम्बर 24 में प्राप्त लक्ष्य 13 हजार 559 में 9 हजार 520 आवासों का एक साथ भूमिपूजन किया गया।



### साय सरकार हर मोर्चे पर सजग

कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार गरीब, किसान, खेतीहर मजदूरों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। सरकार बनते ही प्रदेश के 18 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया। धान की अंतर राशि दिया, उसका समर्थन मूल्य बढ़ाया। महतारी वंदन मे माताओं को हर महीने एक हजार रूपए दे रही है। प्रदेश सरकार जनता हित में काम कर रही है। विधायक यशोदा वर्मा ने पक्के आवास के लिए सभी हितग्राहियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आवास मेला के अलावा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन आमजन के लिए बेहद लाभकारी होता है इससे गांव के खेतिहर मजदूर किसान को छोटे मोटे कामों के लिए जिला या ब्लॉक मुख्यालय नही जाना पड़ता। जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भी अपने संबोधन में आवास की स्वीकृति पाने वालो को बधाई दी और भविष्य में पात्र अन्य लोगों को भी आवास दिलाने का आश्वासन दिया।

### 31 हजार से उपर को मिला आवास का लाभ

कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने प्रतिवेदन वाचन करते हुए बताया कि जिले के दो जनपद पंचायतों में 221 ग्राम पंचायतो के 439 गांवों में शामिल हैं जहा लगभग 4 लाख लोग निवासरत है। योजना मे पात्रता निर्धारण के लिए 2011 में आयोजित सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना को आधार मानकर पात्र परिवारों की प्रतीक्षा सूची तैयार की गई। उक्त सूची में जिले से 30 हजार 176 हितग्राही चयनित हुए जिसमें परीक्षण कर 28 हजार 572 परिवारों का आवास स्वीकृत गया है। प्रतीक्षा सूची में छूटे परिवारों का सर्वे कर आवास प्लस की सूची तैयार की गई, जिसमें से 2 हजार 445 पात्र हितग्राहियों का शासन के निर्देश पर आवास स्वीकृत किया जा रहा है।

### बैगा परिवारों को 847 आवास स्वीकृत

पी-जनमन योजना के तहत बैगा परिवारों को 847 आवास स्वीकृत हुआ है। इस प्रकार जिले में अब तक 31 हजार 964 परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पक्का आवास उपलब्ध कराने सजगता से काम कर रहा है। समय पर गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण कराने रोजगार सहायक, सचिव, सरपंच, तकनीकी सहायक और आवास योजना के अधिकारी/कर्मचारी को प्रशिक्षित किया गया है। इस अवसर पर जिपं सभापति घम्मन साहू, छुईखदान जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि व सदस्य दूरसंचार सलाहकार समिति भागवत शरण सिंह, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिर एक शिक्षक ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी में एक प्राइवेट स्कूल में कार्यरत शिक्षक बीते दिवस ठगी का शिकार हो गया। उसे फोन कर इतना अधिक डराया-धमकाया गया। मीडिया और पुलिस का डर दिखाकर उससे चालीस हजार रुपए लूट लिए गए।

मामला कुछ इस प्रकार है कि राधिका नगर निवासी जितेंद्र गोमास्ता को 10 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे फर्जी कॉल आई। जिसमें लक्ष्मी बागड़ी से बात करने की बात कही गई, जब जितेंद्र ने कहा कि यह उनका नंबर नहीं है और न ही वे किसी लक्ष्मी बागड़ी को जानते हैं तो कॉल करने वाले ने उन्हें कहा कि इस मोबाइल नंबर वाले ने मध्यप्रदेश में मर्डर किया है और क्राइम ब्रांच में काम करना बताते कहा कि आपको पकडने निकल चुके हैं, फोन चालू रखना कहकर बहुत देर तक डराने-धमकाने के बाद मामले को दबाने व पुलिस चार्जशीट से नाम हटाने के लिए पैसे की मांग करने लगे, जब राशि नहीं दी गई तो मीडिया का डर दिखाकर बड़ी राशि की मांग की गई।

### थाना में दी जानकारी

प्रार्थी ने गूगल-पे से धीरे-धीरे कर लगभग 40536 रुपए किसी अतुल कुमार मार्को के खाते में भेज दिए। यह वह खाता था। जिसका स्कैनर आरोपी दीपक शर्मा व महेश कुमार ने दिया था। इसके बाद आरोपी और पैसे की मांग करने लगे, जब जितेंद्र के अकाउंट में पैसा खत्म हो गया, तब उन्होंने यह बात अपने परिजनों को बताई और तत्काल पुलिस प्रशासन से संपर्क कर थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पुलिस से करें संपर्क

पुलिस अधिकारी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि जन सामान्य को इस तरह की कॉल अटेंड नहीं करनी चाहिए और कॉल आते ही पुलिस से संपर्क करना चाहिए, तभी इस तरह की ठगी से बचा जा सकता है।

### जमा पूंजी की ठगी

टीआई जितेंद्र वर्मा ने बताया कि ट्रू-कॉलर में यह नंबर फर्जी बता रहा है। इस तरह पढ़े-लिखे लोग क्यों झूठी काल पर अपनी गाढी कमाई ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसा कॉल आते साथ ही उन्हें पुलिस से संपर्क करना चाहिए। जितेंद्र ने बताया कि कुछ महीने पहले दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के खाते से उसने अपने एसबीआई अकाउंट में दस हजार रुपए ट्रांसफर किए थे, जो उसके खाते में ना जाकर किसी लक्ष्मी बागड़ी के खाते में चले गए। जितेंद्र ने घबराकर गूगल-पे ऑफिस में कॉल किया और बैंक में संपर्क करने पर पता चला कि उनका मोबाइल नंबर किसी लक्ष्मी बागडी के अकाउंट पर भी ऐड है, जो मध्यप्रदेश के किसी शहर या गांव की रहने वाली या रहने वाला था। ब्रांच ने जितेंद्र को अपना मोबाइल नंबर बदलने कहा तो उसने सभी बैंकों में अपना नंबर बदलवा लिया, उसके बाद सभी अकाउंट सही चलते रहे, फिर अचानक 10 अक्टूबर को घटना घटी। जिससे जितेंद्र मानसिक रूप से प्रताड़ित है। उसकी अब तक की जमा पूंजी फर्जी फोन करने वालों ने ठग ली है।

## यश साइकिल से उत्तर भारत के राज्यों का करेंगे भ्रमण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साइकिल यात्री यश सोनी एक बार फिर एक यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस बार उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ की माटी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दरबार तक पहुंचाना है और वहां से आशीर्वाद लेकर अपनी साइकिल यात्रा जारी रखना है। यश सोनी उत्तर भारत के कई प्रमुख राज्यों बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का भ्रमण करेंगे। अंत में वे दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की दूसरी कोशिश करेंगे।



# साइंस कॉलेज में साइबर क्राइम व नशे पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 7 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में साइबर क्राईम व नशे के विरूद्ध अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान में तेजी से साइबर क्राईम बढ़ रहे हैं, लोग ठगे जा रहे है, उनके पैसे बैंकों से निकाल ले रहे हैं, हमें जागरूक रहकर साइबर क्राईम से बचना है।

बसंतपुर थाना के उप निरीक्षक प्रशांत श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से चर्चा करते बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं। जैसे स्पैम ई-मेल, हैकिग, फिशिंग, वायरस को डालना, किसी भी जानकारी को ऑनलाइन करना या किसी पर हर वक्त नजर रखना। साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इसमें नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से एक कम्प्यूटर या नेटवर्क के अंतर्गत कम्प्यूटरों के समूहों का उपयोग किया जाता है। किसी भी कम्प्यूटर का आपराधिक स्थान पर मिलना या कम्प्यूटर से कोई अपराध करना कम्प्यूटर अपराध कहलाता है। इसे साइबर अटैक भी कहते हैं। जागरूक रहने की समझाइश दी।

प्राचार्य ने नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाया तथा कहा कि नशा नाश की जड़ है, इसे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, समाजिक क्षति तो होती ही है, उनके परिवार भी गर्त में चला जाता है।

नशे पहले शौकिये तौर पर होता है, बाद में आदत बन जाती है। आज ही तंबाकू त्यागे, नशे से महारोग कैंसर भी हो सकता है, नशे से स्वयं बचे व समाज को बचाएं। सभा को डॉ. निर्मला उमरे व डॉ. एसआर कन्नोजे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# दिग्विजय कॉलेज के प्राध्यापकों की गिनाई उपलब्धियां

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज के प्राध्यापकों ने गत 5 वर्षों में अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाया है।

इन वर्षों में 10 शोध परियोजना के माध्यम से प्राध्यापकों को देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों, भारत निर्वाचन आयोग तथा राज्य योजना आयोग एवं आईसीएस एसआर जैसे दूसरे फंडिंग एजेंसियों से 70 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। इनमें से कई शोध परियोजना के अंतिम रिपोर्ट फंडिंग एजेंसियों एवं विभिन्न



आयोगों को भेजी जा चुकी है और कुछ शेष शोध परियोजना पर अभी शोध व अनुसंधान जारी है। एक शोध परियोजना की अंतिम रिपोर्ट एक दिन पूर्व भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को भेजी गई है। इस भागीरथी प्रयास में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीपी कुर्रे, मुख्य अन्वेषणकर्ता डॉ. त्रिलोक कुमार एवं सह मुख्य अन्वेषणकर्ता डॉ. सोनल मिश्रा की प्रमुख भूमिका रही। प्राध्यापक प्रो. युनूस रजा बेग, डॉ. अश्वनी शर्मा एवं प्रो. संजय देवांगन की पर्यवेक्षक के रूप में भूमिका भी काफी सराहनीय रही थी। डॉ. डीपी कुर्रे ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि महाविद्यालय अब रिसर्च के क्षेत्र में भी पीछे नहीं है।




# नवागांव-पुराना ढ़ाबा में सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता : परवेज

## जारी रहेगा अभियान, जन-जन तक पहुंचने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे भाजपा के सदस्यता अभियान से लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। गांव-गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही है। अब तक तकरीबन एक दर्जन गांव में इस अभियान से डेढ़ हजार से अधिक लोग जुड़े हैं। गुरुवार को इस महाअभियान के तहत निकाय के ग्रामीण वार्ड बजरंगपुर-नवागांव और पुराना ढाबा में भाजपा की विचारधारा से प्रेरित नागरिकों को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई गई।

भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने कहा कि सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। नागरिकों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और भाजपा के सुशासन का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को बजरंगपुर-नवागांव और पुराना ढाबा में आयोजित सदस्यता कैंप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल व मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा शामिल हुए। अतिथियों ने नए सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही भाजपा की विचारधारा और उसका ध्येय साझा किया।

परवेज अहमद ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडे से कार्यकर्ताओं को लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है। स्पीकर डॉ. रमन सिंह की मंशा है कि राजनांदगांव जिला प्रदेश में सदस्यता अभियान के मामले में अव्वल हो। सभी मिलजुलकर इस लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सैकड़ों नागरिकों ने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण की है। सभी को तिलक कर उनका भाजपा में स्वागत किया गया। यह समर्थक पार्टी की नींव है।

इस दौरान बजरंगपुर-नवागांव में बूथ अध्यक्ष नोहरलाल साहू व पारस यादव, योगेश साहू, प्रभु देवांगन, पवन भारद्वाज, लेखचंद साहू मौजूद रहे। इसी तरह पुराना ढाबा में पूर्व पार्षद श्याम सुखदेवे, पवन निर्मलकर, पूनाराम, पूर्व पार्षद हीरालाल निर्मलकर, परदेशी बंधे, शैलेष बंधे, अंकित पटेल, देवानंद निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# वन्य जीव धरती के श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 7 अक्टूबर को वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के तहत प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में प्राणीविज्ञान विभाग द्वारा वन्य जीव धरती के श्रृंगार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. बघेल ने कहा कि प्रतिवर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणियों की समस्याओं पर ध्यान देने वन्य जीव सप्ताह मनाया जाता है। इस प्रगतिशील दौर में विभिन्न वन्य जीवों पर खतरा मंडरा रहा है। वन्य प्राणियों के विभिन्न अंगों को प्राप्त करने जीवों का शिकार जारी है। वन्य जीवों का संरक्षण समय की मांग है। 1972 वन्य प्राणी अधिनियम के तहत राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड का गठन किया गया है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि अंडमान-निकोबार में सुनामी जैसे आपदाएं, मप्र व छग में बांधों का निर्माण, उत्तर भारत में खेती की जमीन में वृद्धि, वृक्षों का व्यवसायिक प्रयोग होने के कारण देश में तेजी से जंगलों का क्षरण हो रहा है। इससे जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है।

प्राणी विज्ञान विभाग के डॉ. आर. कन्नोजे ने कहा कि वन्य प्राणी व पेड़-पौधे धरती के श्रृंगार हैं, इन्हें बचाना हम सबका दायित्व है, इनके नहीं रहने पर धरती रेगिस्तान बन जाएगा। वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट होने से ये बाहर निकल आते हैं व गांवों में घरेलू पशुओं व लोगों पर हमला बोल देते है।

इनके नहीं रहने से हमारे पारिस्थितिक तंत्र पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इनके विलुप्त होने के प्रमुख कारणों में मुख्य सड़क एवं रेल लाइनों का निर्माण होना भी हैं। हमें गंभीर नीतियां बनाने की जरूरत है, वन्य जीवों पर मंडराता खतरा हमारे अस्तित्व के लिए भी संकट का कारण बन सकता है। इस अवसर पर अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा
लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

# आयुक्त ने ली टीएल की बैठक, दिए निर्देश



**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम सभागृह में टाईम लिमिट (समय सीमा) की बैठक लेकर अधिकारियों को कलेक्टर टीएल जनदर्शन, शासन की योजना के क्रियान्वयन के अलावा मूलभूत सुविधा के कार्यो की समीक्षा कर समय-सीमा में कार्यो का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बुधवार को अपरान्ह 4 बजे टीएल की बैठक आयोजित की जाएगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कलेक्टर टीएल के अलावा अन्य योजना या शासन को जानकारी समय में नहीं पहुंच पाती। जिससे प्रकरण लंबित होने के साथ-साथ निराकरण में देरी होती है, जिसे ध्यान में रखते प्रति सप्ताह टाईम लिमिट की बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में सभी विभाग प्रमुख व अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और प्रति सप्ताह के कार्यो व प्रकरणों की प्रगति से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन व टीएल प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक के पत्रों के अलावा शासन के दिशा-निर्देश का प्राथमिकता से क्रियान्वयन कर निराकरण करना है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे शासन की महात्वाकाक्षी योजना का प्राथमिकता से क्रियान्वयन करना है।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकी अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्डो में चल रहे योजना या अन्य काम की प्रतिदिन मानिटरिंग करें एवं समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराएं, जिन कार्यो की निविदा हो चुकी है, उन कार्यो का कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ कराएं। निविदा जारी कार्य जो प्रारंभ नहीं हुए हैं, कार्य प्रारंभ करने ठेकेदार को निर्देशित करें। लंबे समय से चल रहे अधूरे कार्य व अप्रारंभ कार्य के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी करें।

उन्होंने कहा कि योजना के अलावा सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर व पार्षद निधि के कार्यों में गति लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। वार्डों में नाली व पीसीसी निर्माण कार्य के लिए पार्षदों से संपर्क कर स्थल चयन कर काम शुरू कराएं। इसके अलावा नाला-नाली निर्माण तथा सामुदायिक भवन निर्माण के कार्य में प्रगति लाएं। मोहारा मेला स्थल, विकास कार्य में प्रगति लाएं, जिन ठेकेदारों ने काम बंद कर दिए हैं, उनसे कड़ाई से कार्य प्रारंभ कराएं।

आयुक्त ने कहा कि एएचपी के आवासों में आबंटन की प्रक्रिया करें तथा बीएलसी के तहत बनने वाले आवासों में जिन्होंने निर्माण प्रारंभ नहीं किया है, उसे निरस्त कर शासन को प्रेषित करें। इसके अलावा निर्माणाधीन आवास में तेजी लाकर कार्य जल्द पूर्ण कराएं। त्यौहार को देखते शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन वार्डो में नए एवं पुराने दोनों पाईप लाइन से पानी सप्लाई की जा रही है, उसमें से पुरानी लाईने बंद करें, ताकि सभी वार्डो में पर्याप्त पेयजल सप्लाई हो सके। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, संजय वर्मा, इमरान खान, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित सभी विभागीय प्रमुख व अधिकारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

दुल्हे सजेंगे दुल्हे साहब में...
अब कीजिये शादियों और त्यौहारों की शॉपिंग दूल्हे साहब में



DS
दुल्हे साहब ®
SUNDAY OPEN
मेन रोड कपड़ा मार्केट, पंडरी, गेट नं. 2 के सामने, रायपुर
6262333304
महालक्ष्मी मार्केट, पुलगांव चौक, दुर्ग
0788-296006, 88787 89995
जय स्तंभ चौक, राजनांदगांव
07744-469885, 88787 89993
CUSTOMER CARE NO: 18003099038
_dulhesahab_
• शेरवानी • कोटसूट • कुर्ता - पायजामा • इंडोवेस्टर्न • जोधपुरी • ब्लैजर • कैजुअल • फॉर्मल

## मां महामाया की एक पिंडी के रूप में नीम वृक्ष के नीचे ही पूजा की जाती रही

# कवर्धा की स्थापना काल से है मां महामाया मंदिरः आदित्य श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ के प्रायः हर गांव में मां महामाई के नाम से मां महामाया की पूजा ग्राम देवी के रूप में होती है, ऐसे ही कवर्धा के स्थापना काल से अर्थात रियासत निर्माण काल सन 1751 से पहले से ही मां महामाया की एक पिंडी के रूप में नीम वृक्ष के नीचे ही पूजा की जाती रही है। रामकुमार सिन्हा ने चर्चा के दौरान बताया कि स्व पीसी लाल जायसवाल के सहयोग से स्व पं शारदा प्रसाद पांडेय ने छोटे चबूतरे को बड़ा रूप देकर स्थापना कराई थी। बाद में वर्तमान स्थल पर ही कांक्रीट से एक पक्का कक्ष बनाकर व आपस में चंदा करके 3 वर्ष में एक बार ज्योति जलाई जाती थी। मां महामाया का यह पिण्ड 300 वर्षों से अधिक प्राचीन है।

इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग सन 1998 के आसपास मंदिर में पीओपी से निर्मित माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती थी, बाद में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। वास्तु के अनुसार निर्मित इस पूर्वाभिमुख मंदिर के 30 फीट ऊंचे प्रवेश द्वार के शिखर पर दोनों ओर दो कलश बने हुए हैं मध्य में ध्वजा पताका है। द्वार चौखट बेलबूटों व मयूर से अलंकृत है। प्रवेश द्वार के बाद आंगन है जिसमें पूर्व दिशा में पवित्र शिवलिंग, भैरवदेव व पवनसूत जी के लघु मंदिर निर्मित हैं। मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक लघु गोल गुम्बद, अंतराल के ऊपर एक बड़ा गोल गुम्बद तथा गर्भ गृह के ऊपर नागर शैली का गुम्बद निर्मित किया गया।

### मां महामाया की संगमरमर की दिव्य जीवंत प्रतिमा पूर्वाभिमुख स्थापित






इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि गर्भगृह में ऊंचे सिंहासन पर मां महामाया की संगमरमर की दिव्य जीवंत प्रतिमा पूर्वाभिमुख स्थापित कर पूजा की जा रही है। विशेष बात यह भी है कि प्राचीन मूल पिंडी स्वरूप मां को आज भी वर्तमान प्रतिमा के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई है। मुख्य मंदिर के बगल में ज्योति कक्ष निर्मित की गई है जहां हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की जाती है। रियासत काल में यह स्थल नगर सीमा हुआ करता था, आज ग्रामदेवी मां महामाया का यह भव्य एवं आकर्षक भवन नगर का सर्वाधिक आकर्षण और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। जगत माता के समीप ही आश्रय में भारत माता की प्रतिमा स्थापित है। मां महामाया नगर के साथ साथ पूरे अंचल के श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बरसा रही हैं।आप भी मां का दर्शन कर अपना जीवन धन्य करें।

# 200 वर्ष पुराना ढोलबज्जा मंदिर में 1124 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

- इस शारदीय नवरात्रि में 1100 तेल ज्योति एवं 24 घृत ज्योति बाबा के दरबार में प्रज्जवलित।
- संतान के इच्छुक माता-पिता अपने मनोकामना पूर्ण होने पर बलि का चढ़ावा चढ़ाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पटुवा में संत प्रियादास बाबा के ढोलबज्जा मंदिर 200 वर्ष से यहां स्थापित है, जो विकासखंड के साथ जिला के एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां संतान के मनोकामना से पहुंचने वाले माता के गोद में बच्चे की किलकारी गूंजने लगती है। इस मंदिर में पुरानी परंपरा के अनुसार एकादशी एवं विशेष पर्वों को छोड़कर बलि प्रथा का भी प्रचलन है खासकर संतान के इच्छुक माता-पिता अपने मनोकामना पूर्ण होने पर बलि का चढ़ावा चढ़ाते हैं इसके साथ ही साथ श्वेत चढ़ावा का भी प्रचलन है जो यदा-कदा ही देखने को मिलता है यह प्रथा चैत्र एवं क्वार नवरात्रि में बंद रहता है।

इस शारदीय नवरात्रि में 1100 तेल ज्योति एवं 24 घृत ज्योति बाबा के दरबार में प्रज्जवलित हो रहा है, मंदिर के सुरक्षा एवं संपूर्ण व्यवस्था ग्राम पटुवा के ढोलबज्जा बाबा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा बखूबी निभाया जाता है इसी वर्ष समिति द्वारा बाबा को चांदी का पादुका भेंट किया गया एवं क्षेत्रवासियों के लिए 3 अक्टूबर से ढोलबज्जा एंबुलेंस सेवा प्रारंभ किया गया है।

जिससे विकासखंड पंडरिया कवर्धा के साथ ही साथ बेमेतरा एवं मुंगेली के सीमांकित गांव के मरीजों को मुफ्त लाभ प्राप्त हो रहा है बाबा के मंदिर में प्रातः कालीन एवं सायंकालीन आरती के लिए समिति के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक घंटी की भी सुविधा प्रदान किया गया है। बाबा का मंदिर ग्राम के खेतों में हरे भरे वादियों के मध्य स्थित है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के श्री विग्रह का दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं, ढोलबज्जा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अनुजराम चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष मोहित दास मानिकपुरी, भऊवा सप्रे, सचिव पवन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष हीराराम यादव, सदस्य रामबिहारी शिवा ध्रुव, सुशील यादव, राजेश पटेल, गुलाम विश्वकर्मा, दउवा निर्मलकर के साथ ही साथ राम बिहारी यादव एवं टेकराम यादव माता की सेवा में विशेष सहयोग दे रहें है।

**खबर संक्षेप**

### सारंगपुर खुर्द में मां दुर्गा अष्टमी पर यज्ञ हवन व आहुति संपन्न



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित श्री पंचदेव मंदिर में भगवान श्रीराम की दरबार लगा हुआ है व दुर्गा उत्सव समिति तथा श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा नौ दिनों तक मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना वहीं शुक्रवार को दुर्गा अष्टमी पर मां दुर्गा पंडाल भव्य यज्ञ हवन तथा आहुति दी गई। जिसमें समस्त मां दुर्गा उत्सव समिति सारंगपुर खुर्द, श्रद्धालु व भक्तजन उपस्थित थें। वहीं रविवार को सारंगपुर खुर्द में भव्य दशहरा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुहन तथा हनुमान जी महाराज की भव्य शोभा यात्रा निकली जाएगी वहीं भव्य झांकी के साथ रावण वध भगवान श्रीराम द्वारा किया जाएगा जिससे ग्रामवासियों तथा आसपास के व्यापारी, दुकानदार तथा श्रद्धालु में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## संस्कृति महिला ग्रुप का तीन दिवसीय गरबा महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया



नगर पंचायत पंडरिया में नगर में विविध धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए जानी-जाने वाली एकमात्र महिला संस्कृति ग्रुप के द्वारा तीन दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन 7 से 9 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्णत धार्मिक वातावरण में शानदार पारंपरिक वेशभूषा में आयोजित किया गया। इस गरबा महोत्सव में संस्कृति ग्रुप ने अपने नाम के अनुरूप भारतीय संस्कृति एवं कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसकी नगर एवं आसपास के क्षेत्र से पहुंचे दर्शकों द्वारा बहुत सराहना की गई। इस तीन दिवसीय गरबा महोत्सव में प्रत्येक दिन महाआरती व विभिन्न थीम पर गरबा का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रथम दिवस पारंपरिक गरबा थीम पर गुजराती भक्ति गीतों पर मां की आराधना के लिए चंगिया चोली के चमकते परिधान पहनकर गरबा नृत्य का प्रदर्शन किया गया, द्वितीय दिवस कार्यक्रम का थीम रास गरबा था जिसमें सभी प्रतिभागियों ने लाल रंग की साड़ी में मां अंबे, प्रथम आराध्या गणेश एवं भोले शंकर के भक्ति गीतों के साथ-साथ श्रीकृष्ण-राधा रास गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी गई वहीं अंतिम दिवस के छत्तीसगढ़ी थीम में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में कर्मा, सुआ व भक्ति-गीतों पर किया गया शानदार गरबा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

सभी प्रतिभागियों ने सुपा, टोकरी, पर्रा हाथ में लेकर बेहतरीन गरबा किया यह गरबा कार्यक्रम कवर्धा एमके मुकेश कोरियोग्राफर के निर्देशन में संपन्न किया गया। संस्कृति ग्रुप के द्वारा नगर में सामाजिक कार्य कर रहे विभिन्न समितियां को सम्मानित किया गया । इसके लिए विधायक भावना बोहरा के हाथों पर्यावरण संरक्षण का कार्य करने वाली पर्यावरण संरक्षण समिति, बेजुबां जानवरों की सेवा करने वाली बैजूबां सेवा समिति व स्वच्छता के लिए कार्य करने वाली महामाया सेवा समिति को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

**संस्कृति महिला ग्रुप ने उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया**

तीन दिवसीय भव्य गरबा महोत्सव के समापन की मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय की धर्मपत्नी समाज सेविका श्रीमती रेखा पांडेय शामिल हुई, उन्होंने कहा कि गरबा मां की आराधना की एक कला है। संस्कृति महिला ग्रुप ने छत्तीसगढ़ी परंपरा एवं कला को समेटते हुए बहुत ही आकर्षक और बेहतरीन गरबा का प्रदर्शन किया। उन्होंने गरबा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को स्मृति चिन्ह एवं आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजक समिति ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं माता की चुनरी सम्मान भेंट की गई। वहीं समापन के पूर्व कार्यक्रम के द्वितीय दिवस विधायक श्रीमती भावना बोहरा गरबा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा गरबा के माध्यम से माता की आराधना की जा रही है जो बहुत ही सराहनीय एवं उत्कृष्ट है उन्होंने आयोजन समिति को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की। संस्कृति महिला ग्रुप में विधायक को लाल चुनर ओढ़ाकर महिला शक्ति का प्रतीक त्रिशूल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया ।

### विजयदशमी पर राजा का जन दर्शन दरबार लगेगा



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पंचायत पंडरिया के इतिहास में 64 साल बाद कल विजयदशमी के दिन नाबालिक राजा का जन दर्शन दरबार लगेगा। उल्लेखनीय हैं कि विगत वर्ष 36गढ़ के सबसे पुराना जमीदारी के 14 माह के अंतराल में दो राजाओं का क्रमश राजा कृष्ण राज सिंह व उनके ज्येष्ठ पुत्र राजा सुनील राज सिंह का 2023-24 में मृत्यु उपरांत राजा के बड़े पुत्र भिवान राज सिंह उम्र मात्र 2-5 साल को राज परिवार के कुटुंबी नियम नुसार पंडरिया का राजा का तिलक किया गया था, इसी प्रकार 1960 में वर्तमान राजा के दादा स्व कृष्ण राज सिंह को तत्कालीन राजा पदम राज सिंह के मृत्यु के पश्चात नाबालिक राजा बनाया गया था उस समय रावण मारने के पश्चात राजमहल में जन दर्शन दरबार लगाया गया था, जिसमे 484जमीदारी गांव के लोगों ने दर्शन किया था। आज उसी इतिहास को दोहराया जाएगा जब मंदिरों के ज्योति कलश शोभा यात्रा के साथ नाबालिक राजा का शोभा यात्रा राजमहल से महामाया होते हुए कुशल बंद तालाब जेवारा विसर्जन को निकलेगी। राजा के बालिक संरक्षक कुमार अमर राज सिंह द्वारा 21 फीट ऊंचा रावण वार्ड क्रमांक 1 में बनवाया हैं जिसे राजा भिवान सिंह वर्षो के परंपरानुसार, झांकी के साथ रावण दहन किया जाएगा। तत्पश्चात कुशल बंद तालाब से वापसी के बाद महामाया मंदिर परिषर व राज महल में जन दर्शन दरबार लगा कर क्षेत्र वासियों नगर वासियों से जोहार भेट करेंगे।

# पोंडी में दशहरा पर्व पर लोक गायिका कविता वासनिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति आज

- दशहरा पर्व को लेकर पोंड़ी सहित आसपास क्षेत्र में उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी





पोंड़ी में शनिवार को धूमधाम के साथ विजयदशमी दशहरा पर्व मनाया जाएगा, विजयदशमी की वहीं तैयारियां पूरी जोर शोर से किया जा रहा है। वही सार्वजनिक दुर्गा उत्सव व दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया कि दशहरा का पर्व इस बार पोंडी नगर में भव्य तरीके से मनाया जाएगा। दशहरा पर्व पर श्रीराम द्वारा रावण वध असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में बुराई के प्रतीक रावण का दहन किया जाएगा। वहीं रात्रि कालीन कार्यक्रम 10 बजे से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक पता ले जा रे गाड़ी वाला द्वारा अपनी गीतों के माध्यम से शानदार रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होने बताया कि शुक्रवार को मां शीतला मंदिर परिषर में महा अष्टमी पर भव्य हवन पूजन कार्यक्रम किया गया। शारदीय नवरात्र अष्टमी के अवसर पर नगर की इष्ट देवी मां शीतला मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना किया गया। जिसके बाद मंदिर समिति के द्वारा प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया। जिसमे हजारों श्रद्धालुओं को खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

## नौ कन्या को भोजन कराकर सुख शांति व समृद्धि की आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज

⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शारदीय नवरात्रि पर महा अष्टमी के पावन पर्व पर नौ कन्याओं को कन्या भोजन विधि विधान से पूजा अर्चना व किया गया। साथ ही साथ मां दुर्गा से आसपास क्षेत्र के लिए सुख, शांति व समृद्धि आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रीमती शकुन संभू पांडेय, श्रीमती कल्पना प्रवीण शर्मा, शैलेंद्र पांडेय, दिनेश पांडेय,, सुरेश पांडेय, प्राची मिश्रा व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071




## दीप प्रज्वलित कर कन्या भोज का विधिवत शुभारंभ किया : विजय शर्मा

# बेटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर कन्या पूजन का भव्य आयोजन कबीरधाम में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेटियों के प्रति सम्मान को बढ़ाने एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देना था। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने सह परिवार सम्मिलित होकर कन्याओं का पूजन फूल माला, कुम-कुम चंदन चुनरी श्रृंगार के साथ दीप प्रज्वलित कर कन्या भोज का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने माता स्वरूप कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

कन्या पूजन कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आए कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें स्वयं भोजन परोसा। मां आदिशक्ति स्वरूपा बालिकाओं का कार्यक्रम में उत्साह एवं हर्ष उल्लास से पूरा कार्यक्रम सजा रहा, कार्यक्रम में अतिथियों ने विभाग के आयोजन को खूब सराहा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना आज के समय की तत्कालीन जरुरत है क्योकि देश एवं समाज में बालिकाओं की रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना विकास किसी भी कीमत पर संभव नही है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना बालिकाओं के उत्थान के लिये महत्वपूर्ण है।

बेटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा, पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, अनिल ठाकूर, कैलाश चन्द्रवंशी, चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी, उमंग पाण्डेय, गोपाल साहू, अजय ठाकुर खिलेश्वर साहू, अजित चंद्रवंशी, सतविंदर पाहुजा, श्रीमती मधु तिवारी, विजय लक्ष्मी तिवारी, वेदकुमारी चौबे, सुषमा चंद्रवंशी, निशा साहू ने उत्साह से मां नवदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का श्रृंगार कर पूजन किया और भोजन कराया सभी की भागीदारी से कार्यक्रम में अलग ही हर्षोउल्लास का माहौल दिख रहा था।

कन्या पूजन कार्यक्रम में गोपाल वर्मा जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपस्थित होकर बालिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

सौगात: ठाकुर देव चौक से हाई-टेक बस स्टैण्ड सड़क मार्ग उन्नयन कार्य का किया गया भूमिपूजन

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रखी कवर्धा नगर विकास की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा शहर के बासिंदों की बहुप्रतिक्षित मांग ठाकुर देव चौक से हाई-टेक बस स्टैण्ड जुनवानी चौक तक 11 करोड़ 6 लाख 78 हजार रुपए की लागत से कुल 4.20 किलो मीटर बनने वाली सड़क मार्ग का चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि-पूजन किया।

कवर्धा में हाईटेक बस स्टैण्ड के निर्माण के बाद इस सड़क की उपयोगिता काफी बढ़ गई थी, जिससे इस मार्ग पर यातायात का दबाव भी बढ़ा था। ऐसे में सड़क के चौड़ीकरण और उन्नयन करने की आवश्यकता थी जिससे आवागमन की सुविधा और बेहतर हो सके। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इसकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा करते हुए नवरात्र के पावन अवसर पर शहरवासियों को बड़ी सौगात दी है।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव के नेतृत्व में कबीरधाम जिले सहित कवर्धा-पंडरिया का चहुमुखी विकास हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में साय सरकार बनने के बाद सभी विकास कार्य अब तेजी से किया जा रहा है, मोदी गारंटी के तहत किए गए वादे को भी पूरा कर रहे है। उन्होंने कहा कि ठाकुर देव चौक से हाई-टेक बस स्टैण्ड जुनवानी तक बनने वाली यह सड़क मार्ग शहर के विकास और यातायात व्यवस्था के सुधार में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से स्थानीय व्यापार और आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। इस सड़क के चौड़ीकरण और उन्नयन से न केवल यातायात की समस्या का समाधान होगा, बल्कि शहर के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। इससे यातायात सुगम होने से समय की बचत होगी और यात्रियों के लिए आवागमन अधिक सुरक्षित और आसान बनेगा। विशेष रूप से उन लोगों के लिए, जो रोजाना इस मार्ग से गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से आसपास के क्षेत्रों से शहर में आवागमन आसान होगा, जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि सभी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचे और यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जल्द प्रारंभ होगा सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा हाईटेक बस स्टैण्ड से जुड़ी सुविधाओं का पूरा लाभ तभी मिलेगा जब सड़कें अच्छी और सुगम होंगी। इस परियोजना के पूरा होने से बस स्टैण्ड तक पहुंचने में लोगों को और अधिक सुगमता मिलेगी, साथ ही ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं का समाधान होगा। इससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों दोनों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आज इसके उन्नयन का भूमिपूजन किया गया है और जल्द ही यहां कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेंद्र सलूजा, गोपाल साहू, जसविन्दर बग्गा, मनीराम साहू, कैलाश चंद्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रूपेश जैन, मनोज गुप्ता, पार्षद उमंग पांडेय, सुनील साहू, प्रमोद शर्मा, सुनील दोषी, रघुनाथ योगी, पन्ना चंद्रवंशी, रामकुमार ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कवर्धा का चहुमुखी विकास हमारा संकल्प: विजय शर्मा

- जनभावनाओं के अनुरूप होंगे नगर के विकास व निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवरात्र पर्व की अष्टमी के शुभ अवसर पर बहुप्रतिक्षित ठाकुर देव चौक से हाई-टेक बस स्टैण्ड जुनवानी चौक तक सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विकास हमारी प्राथमिकता है। डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में बहुत कार्य हुए है। लेकिन कांग्रेस शासनकाल में जिले सहित नगर विकास में पूरी तरह से विराम लग चुका था। कांग्रेस सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में सिर्फ सकरी नदी पुल निर्माण का राग अलापा है इसके अलावा उसके द्वारा कोई विकास कार्य नहीं किए गए हैं। सकरी नदी पुल की स्वीकृति भी रमन सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत किया गया था। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कवर्धा शहर में 12 वर्ष पूर्व निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल शापिंग कॉम्पलेक्स की नीलामी तक नहीं करा पाई। कांग्रेस अपने पांच साल के कार्यकाल में सिर्फ भ्रम फैलाकर राजनीति करती रही। लोगों को डराकर, धमकाकर, ट्रांसफर, पोस्टिंग, का डर दिखाना उसके मुख्य कार्य थे यही वजह है कि वक्त आने पर जनता ने उसे माकूल जवाब दिया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा का दायित्व मेरा है, विकास करना मेरी प्राथमिकता है सलाह देना मार्ग दर्शन देना आपका काम है। कवर्धा के विकास के लिए काम प्रारम्भ हुए और यह निरंतर चलता रहेगा। इन विकास और निर्माण कार्यो की गुणवत्ता में किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



उन्होने कार्य ऐजेंसियों के अधिकारियों व ठेकेदारों को सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्य जनता की मनसा के अनुरूप होने चाहिए। ठाकुर देव चौक से जुनवानी, नया बस स्टैंड दोनों मार्ग के लोगों को बैठाकर, समझाकर और विश्वास में लेकर कार्य करें ताकि किसी को दिक्कत ना हो। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कवर्धा नगर के गुरुगोविंद सिंह चौक, सिग्नल चौक में कार्य चल रहा है। भोजली तालाब चौक के पास सौदयीर्करण के लिए 50 लाख की स्वीकृति मिल चुकी है जल्द कार्य प्रारंभ होगा। इसी प्रकार नगर पालिका के सामने विभिन्न कार्य के लिए 90 लाख की स्वीकृति मिली है उसमें कार्य जल्द कराए जाएंगे। कवर्धा के 22 चौक के सौंदर्यीकरण के लिए राशि आ चूकी है कार्य प्रारंभ कराए जाएंगे। उन्होने कहा कि नगर व अंचल के विंध्यवासनी मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर के आसपास भी विस्तार की आवश्यकता है जल्द इसे भी पूरा किया जाएगा। उन्होने कहा कि आपसभी लोगों के सहयोग व मार्गदर्शन में कवर्धा के विकास के लिए अनवरत प्रयास जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### टेकचंद अग्रवाल किए गए प्रेक्षक नियुक्त

**कवर्धा।** नगर पालिका परिषद पंडरिया तथा जिले में स्थित सभी नगर पंचायतों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 सम्पन्न कराने के लिए फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने/पुनरीक्षण कार्य के लिए टेकचंद अग्रवाल अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री अग्रवाल आगामी 14 अक्टूबर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री अग्रवाल से इस दौरान कवर्धा स्थित सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक ई-1 में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर निर्वाचक नामावली के संबन्ध में संपर्क किया जा सकता है।

### जिले में किया जाएगा महतारी सदन का निर्माण

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले की सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। प्रदेश में 179 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 29.20 लाख रुपए होगी। इस प्रकार 179 महतारी सदन के लिए 52 करोड़ 20 लाख रुपए स्वीकृत किया गया है। आने वाले 5 वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना है। जानकारी के मुताबिक जिले की ग्राम पंचायतों में ढाई हजार वर्ग फीट में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन बनने से गांव की महिलाओं को कई प्रकार की सुविधाओं व शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

# महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

## दुर्गा पण्डालों व मंदिरों में विधि विधान से किया गया हवन पूजन



- हजारों हांथो ने हवन कुण्ड में डाला श्रृद्धा की आहूति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आदि शक्ति की श्रद्धा-भक्ति के पर्व नवरात्र के मौके पर महाअष्टमी के रोज मंदिर एवं दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। दिनभर चलते इस अनुष्ठान के चलते समूचा नगर हवन की पावन खुशबू से दमकता रहा। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर सहित समूचे नगर में शारदेय नवरात्र का महापर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ माना जा रहा है। स्थानीय शक्ति पीठों में जहां श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित कराए गए मनोकामना ज्योतिकलश जगमगा रहे हैं वहीं दुर्गो पण्डालों में मां जगत जननी के विभिन्न रूप रंग की प्रतिमाएं सुशोभित हैं। जिनके दर्शनों को हर रोज सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को महाअष्टमी के मौके पर देवी मंदिरों व दुर्गा पण्डालों में भव्य हवन पूजन का आयोजन किया गया। महाअष्टमी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान कर मंदिरों तथा अपने घरों में पूजा अर्चना की। वहीं पूरी तैयारी होने के बाद मंदिरों तथा दुर्गा पण्डालों में भी मंत्रोंच्चार के बीच हजारों हांथों ने हवन कुण्ड में आहुति डाली और समूचा अंचल हवन की पावन खुशबू से महमहाता रहा।

### अष्टमी पर किया गया कन्या पूजन

हवन पश्चात मंदिर परिसर, दुर्गा पण्डालों तथा श्रद्धालुओं के घरों में कन्या पूजन तथा कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना एक विशेष महत्व होता है। जिसके चलते अष्टमी तिथि में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराया जाता है। इसी मान्यता के तहत हवन संपन्न होने के बाद मंदिर व दुर्गा पण्डालों में कन्या भोज कराया गया। कुल मिलाकर महाअष्टमी पर श्रद्धालु दिनभर आदिशक्ति की भक्ति में डूबे रहे।

### मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़

महाअष्टमी के मौके पर नगर के शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। खास कर मां विंध्यवासनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां संतोषी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा की थाल लेकर पहुंचने लगे थे। जहां उन्होंने मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा उनसे अपने अपने परिवार के लिए सुख, समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मंदिरों के सामने रहा मेला सा माहौल

नगर के देवी मंदिरों के सामने महाअष्टमी के मौके पर मेला सा माहौल देखने को मिला। एक तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और उस पर मंदिरों के सामने सजी, नारियल, फूल माला, अगरबत्ती, श्रृंगार सामान सहित दूसरे सामनों की दुकानों के चलते नजारा किसी मेले से कम नहीं था। सार्वधिक भीड़ मां विंध्यवासनी मंदिर, महामाया मंदिर तथा मां काली मंदिर में देखने को मिली।

# महाअष्टमी पर निकाली गई नगर के तीन शक्तिपीठों से खप्पर, दर्शन को उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महाअष्टमी की मध्य रात्रि में नगर के सिद्धपीठ मां दंतेश्वरी, मां चण्डी तथा मां परमेश्वरी मंदिर से वर्षो पुरानी मान्यता के अनुसार खप्पर निकाली गई। जिसके दर्शन करने सैकड़ों लोगों की भीड़ जिला मुख्यालय में उमड़ी।

खासकर आसपास के ग्रामीण अंचलों की भीड़ तो शाम ढलते ही नगर में पहुंचने लगी थी। नगर में उमड़ी इस भीड़ को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इन दर्शनार्थियों द्वारा पहले स्थानीय शक्ति पीठों तथा दुर्गा पण्डालों में देवी दर्शन किया गया और फिर मध्य रात्रि में नगर के तीन शक्ति पीठों से निकाली गई खप्पर के दर्शन किए। पूर्व निर्धारित अनुष्ठान के मुताबिक महाअष्टमी की मध्य रात्रि को मां दंतेश्वरी, मां चण्डी तथा मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली गई। मंदिर समीतियों के पण्डों द्वारा सभी अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद विधिवत आदि शक्ति का श्रृंगार कर और एक हांथ में तलवार व दूसरे हांथ में खप्पर धारण कर सर्व प्रथम रात्रि 12.00 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर से अगुवान तथा खप्परधारी की अगुवाई में खप्पर निकाली गई।



फाईल फोटो

उसके कुछ ही देर बाद करीब 12.15 बजे चण्डी मंदिर से अगुवान तथा खप्परधारी की अगुवाई में खप्पर नगर भ्रमण करने निकली। आखिर में रात्रि करीब 12.30 बजे मां परमेश्वरी मंदिर से अगुवान तथा खप्परधारी की अगुवाई में खप्पर निकाली गई। जिनके दर्शन करने नगर के पूर्व निर्धारित मार्गो में सैकड़ों की संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ मौजूद थी। इस दौरान कवर्धा पुलिस, जिला प्रशासन तथा मंदिर समीतियों द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# सिनियर सिटीजन समिति ने रतन टाटा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उद्योग जगत के महान युग पुरुष सुप्रसिद्ध उद्योगपति, दानवीर, पद्मविभूषण, राष्ट्रवादी भारत के अनमोल रत्न रतन, सदैव निजी हित से ज्यादा राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने वाले और अपने उद्योग कौशल से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभूति रतन टाटा को सिनियर सिटीजन समिति ने सियान सदन में एक कार्यक्रम आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर नगर के सिनियर सिटीजन समिति के गणमान्य सदस्यगण स्वस्फूर्त सियान सदन कलेक्ट्रेट परिसर कवर्धा में उपस्थित होकर श्रद्धांजली सभा पहुंचे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन तंबोली, प्रदेश प्रतिनिधि एसएस जैन, सचिव सीएस ठाकुर, कोषाध्यक्ष बीपी सोनी वरिष्ठ सदस्यगण प्रकाश गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, पंकज सिंह ठाकुर, भोलेंद्र वैष्णव, केडी मानिकपुरी, सतीश यदु एवं सिनियर सिटीजन समिति कबीरधाम के अन्य वरिष्ठ सदस्यगणों ने रतन टाटा द्वारा किए गए देश व समाज के लिए गए कार्यो को याद किया। उन्होने कहा कि एक दूरदर्शी, देशभक्त, दयालु और असाधारण इंसान थे।

### मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस



**पंडरिया।** मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य के सहयोगात्मक प्रयासों को संगठित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में गत 10 अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज एवं सविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ केशव कुमार ध्रुव व जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्रीमती अनुपमा तिवारी के परस्पर समन्वय तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में जन जागरुकता शिविर एवं मितानिन और स्टॉफ नर्स व ऑफिस स्टाफ के बीच वर्कप्लेस स्ट्रैस मैनेजमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सार्थकता को मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सिद्ध करते हुए मानसिक स्वास्थ्य विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया व तनाव प्रबंधन के गुर सिखाए गए।साथ ही उचित तनाव प्रबंधन हेतु योगा एवं शारीरिक व्यायाम को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने जिला मानसिक स्वास्थ टीम अनिल हियाल अखिलेश साहू और आराधना बंजारे के द्वारा प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नगर में मनाया दशहरा उत्सव, किया गया पथ संचालन

# संघ के शताब्दी वर्ष में पंच प्रण को समाज आत्मसात करे: पूर्णेन्द्र सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, कवर्धा नगर में विजयादशमी उत्सव पर गत 10 अक्टूबर को स्थानीय गांधी मैदान में पथ संचलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचालन गांधी मैदान से प्रारंभ होकर गुरुनानक गेट, मेन रोड, आजाद चौक, महावीर स्वामी चौक, वीर स्तंभ चौक, बस स्टैंड से झंडा चौक, नवीन बाजार, ठाकुर देव चौक, दर्रीपारा होते हुए वापस गांधी मैदान पहुंची जहां विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र सिंह खनूजा जिला अध्यक्ष सिख समाज गुरुद्वारा प्रबंधन कवर्धा, नगर संघचालक घनश्याम अग्रवाल, मुख्य वक्ता पूर्णेन्द्र सिन्हा प्रांत संयोजक धर्म जागरण समन्वय छत्तीसगढ़ प्रांत, जिला कार्यवाह शत्रुहन नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के दिन हुआ जो आज विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है। राष्ट्रीय और प्रकृति आपदाओं पर सेवा कार्यो के लिए सदैव तत्पर संघ रहता है। मुख्य वक्ता पूर्णन्द्र सिन्हा ने कहा कि हम सब जानते है कि विजयादशमी एक शौर्य उत्साह जगाने वाला है। उन्होने कहा कि हम सब नौ दिन देवी के नौ रूप यानि शक्ति की उपासना करके शक्ति प्राप्त करते हैं, क्योंकि बिना शक्ति के कोई विजय प्राप्त नहीं कर सकता। विजया दशमी के दिन बास्त्र पूजन किया जाता है। उन्होने उपस्थित जनो से आव्हान किया कि हमें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का अनुसरण करना चाहिए। पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम नगर कार्यवाह प्रहलाद साहू, राधेश्याम पाली, सीताराम धुर्वे, संदीप साहू, अतुल पाण्डेय, संजय यादव, राजेश जायसवाल, मनहरण वर्बे, कपिलदास मानिकपुरी, टिकेश दुबे संजय धुर्वे, शत्रुहन ठाकुर, ललित ठाकुर, राजकुमार यादव, हर्ष, तनमय, दक्ष, तरुण, दमन, नमन, तरुण साहू, रिषभ, दुर्गा चंद्रवंशी आदि ज्येष्ठ, बाल स्वंयसेवक उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री ने सुतियापाट पहुंचकर की हिंगलाज माता का दर्शन पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

विकासखण्ड स. लोहारा के कर्रानाला सुतियापाट के मध्य ऊंची पहाड़ी पर विराजमान हिंगलाज माता का 11 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सुतियापाट पहुंचकर दर्शन पूजन किया। दर्शन पश्चात श्री शर्मा गौशाला भी गए। मंदिर समिति के प्रमुखों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि मंदिर तक पहुंच मार्ग को अति शीघ्र चालु कराए जाने तथा कबीर कुटी हेतु एक सामुदायिक भवन एवं सुतियापाट बांध से जरहा नवागांव व्हाया छितपुरी घाट होते हुए खारा मलाजखंड मध्यप्रदेश हेतु सड़क की मांगें रखी गई। जिसे उप मुख्यमंत्री ने सहजता से स्वीकारते हुए बजट में शामिल कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सुतियापाट समिति अध्यक्ष बालूराम जंघेल सरपंच ग्राम पंचायत सिंघनपुरी जंगल, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, सचिव गोकुल जंघेल, दिनेश वर्मा, गिरवरराम साहू, डाकवर सिंह, नोहर साहू, खेलुराम साहू साहू, थुकेल साहू, अघन लाल साहू, जुगरु साहू, सरपंच सेवाराम साहू एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

